# अलवर में ओले गिरे, सरसों की फसल को 70 प्रतिशत नुकसान

## राजगढ़ में शनिवार सुबह नौ बजे तक भी खेतों में ओलों की परत दिखी



ओलावृष्टि से सरसों की फसल में नुकसान हो गया।

**अलवर, (निसं)।** अलवर जिले में शुक्रवार रात करीब एक बजे के आसपास राजगढ़, रामगढ़, मालाखेड़ा, तिजारा व किशनगढ़बास क्षेत्र में ओलावृष्टि हुई। राजगढ़ क्षेत्र में तो शनिवार सुबह नौ बजे तक भी खेतों में ओलों की परत मिली। यहां ओलावृष्टि से राजगढ़ के कलेसियान सहित आसपास के क्षेत्र की सरसों की फसल में करीब 70 प्रतिशत तक नुकसान हो गया। कुछ जगहों पर नुकसान कम है। सरसों की तुलना में गेहूं व चने की फसल में नुकसान कम हुआ है।

किसानों ने बताया कि हमारे खेतों में भी ओलावृष्टि से ज्यादा नुकसान है। नवलपुरा राजगढ़ के कलेसियान गांव के किसान महेंद्र ने बताया कि रात करीब एक बजे बारिश के साथ ओले गिरे हैं। ओले करीब 4 से 5 मिनट ही गिरे, लेकिन इतनी देर में पूरी धरती सफेद हो गई। खेतों में अगले दिन शनिवार सुबह भी ओलों की चादर बिछी मिली। यहां पूरी सरसों की फसल चौपट हो गई। असल में सरसों की फसल में फली आना शुरू हो गई थी। ऐसे समय में ओले गिरने से कच्ची फसल पूरी तरह बिखर गई। अब सरसों में दुबारा से ग्रोथ नहीं हो सकेगी, जहां कम ओले गिरे हैं वहां अधिक नुकसान नहीं है।

## मसूदा में बरसात के बाद कोहरा छाया

**मसूदा, (निसं)।** मसूदा उपखंड क्षेत्र में लंबे इंतजार के बाद शनिवार दोपहर सूर्य देव ने दर्शन दिए। धूप निकलने के साथ ही पिछले दो दिनों से बरसात, गलन व ठंडी हवा से ठिठूराए लोगों को काफी राहत मिली।

मसूदा कस्बे के बाजार में दोपहर बाद काफी रौनक देखने को मिली। बरसात से पिछले दो दिनों से लोगों के अटके काम शनिवार को पूरा करते नजर आए। शनिवार सुबह उपखंड क्षेत्र की कोहरे से मुलाकात हुई अल सुबह कोहरा छाया रहा। गुरुवार को शुक्रवार को सूर्य देव के दर्शन नहीं हो रहे थे दोनों दिन बरसात व बादल छाए रहे ऐसे में सर्दी का अहसास ज्यादा रहा दिन भर बरसात के चलते लोग घरों में दुबके रहे। सर्दी से बचाव के लिए लोग अलाव के पास बैठे नजर आए वही मौसम के बदलने से कई तो सर्दी जुखाम, बुखार व सिर दर्द की बीमारी की चपेट में आ गए हैं। चाय पकौड़ी की दुकानों पर लोगों की भीड़ रही बरसात से खासकर पशुओं को खास परेशानी में देखा गया।

# पशुपालकों के साथ की ठगी करने वाला इनामी आरोपी गिरफ्तार

## आरोपी के खिलाफ दोवडा, आसपुर, साबला, गढी बांसवाड़ा में प्रकरण दर्ज हैं

**डूंगरपुर, (निसं)।** पांच थानों में तीन दर्जन से अधिक पशुपालकों के साथ भैस खरीदने के नाम से लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने वाला 10 हजार का इनामी शातिर को दोवड़ा पुलिस ने रात के समय उसके घर गढी से गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ दोवडा, आसपुर, साबला, गढी बांसवाड़ा में अलग-अलग प्रकरण दर्ज है।

दोवडा पुलिस ने भैसों की खरीद-फरोख्त के नाम से पशुपालकों के साथ लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने वाले शातिर ठग को गिरफतार करने में सफलता प्राप्त् की है। दोवडा थानाधिकारी मदनलाल खटीक ने बताया कि वर्ष 2023 में खेरमाल गांव के मुकेश पुत्र गौतम पटेल ने पुलिस को रिपोर्ट देते हुए बताया कि उसके गांव के वालेंग देवजी पाटीदार, देवेंद्र दलजी पटेल, घनश्याम दलजी पटेल, अमरजी मानजी पटेल खेड़ा सामोर के रहने वाले हैं। उसके पास शातिर ठग अभियुक्त प्रकाश पुत्र जीतमल लबाना निवासी मोरफला टाडा डूंगरी पुलिस थाना गढी जिला बांसवाड़ा आया। उसने क्षेत्र में पशुपालकों से भैस खरीदने की बात कही। उसने अपनी बातों में उलझाते हुए बताया कि इस क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से पशुपालकों से भैस खरीदकर अच्छी कीमत देता है। इस पर एक दर्जन से अधिक पशुपालकों ने प्रकाश लबाना के लालच में आकर अपने पशुओं को दे दिया। इसके बाद प्रकाश ने पशुपालक को एडवांस के तौर पर छोटी रकम दी। वहीं शेष राशि पद्रह दिन बाद गांव में आकर देने की बात कही।

इस पर पशुपालकों ने अपने पशु उसके वाहन में भर दिए। कुछ दिनों बाद प्रकाश लबाना का मोबाइल बंद मिला। वहीं उसके घर संपर्क करने पर मौके पर नहीं मिला। जिस पर एक दर्जन से अधिक पशुपालकों को घोखाधड़ी की जानकारी हुई। उन्होंने दोवडा पुलिस में शिकायत दर्ज की। इसके बाद दोवडा पुलिस ने उसे गढी पुलिस थाने के टाडा डूंगरी मोरफला में तलाश शुरू की, जहां पर हमेशा प्रकाश लबाना फरार मिला। इसके बाद पुलिस को 27 दिसंबर को अभियुक्त के घर पर रात के समय दबिश देने पर प्रकाश मौके पर मिला, जिस पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर दोवडा थाने लेकर आई। प्रकाश लबाना पर गढी बांसवाड़ा, साबला, आसपुर, दोवडा में दो प्रकरण दर्ज है। इस अभियुक्त के 18 माह से फरार चलने के कारण इस पर 10 हजार का इनाम भी घोषित कर रखा है।

## सूने मकान में चोरी

**अजमेर।** क्रिश्चयनगंज पुलिस थाना क्षेत्र मे स्थित मान सरोवर कॉलोनी के सूने मकान में चोरी की वारदात सामने आई है। चोरो ने यहां ऊपरी मंजिल स्थित किराएदार व ग्राउंड फ्लोर पर मकान मालिक के कमरो से जेवरात व नकदी चुरा कर ले गए। मकान के ताले तोड़कर चोरों ने वारदात अंजाम दी। किराएदार व मकान मालिक बाहर गए थे। जब काम करने वाले महिला घर पर आई तो पता चला। क्रिश्चयनगंज थाना पुलिस को शिकायत दी गई है। किराएदार रानू जैन ने बताया कि वह कमल शर्मा के मकान में किराए पर रहती है। वह 22 दिसम्बर को दिल्ली चली गई थी और इसी दिन मकान मालिक अर्चना शर्मा भी बाहर चली गई। जब 23 दिसम्बर को यहां काम करने वाली महिला आई तो चोरी का पता चला।

# शाईन इंडिया के प्रयास से हाड़ौती में तीन नेत्रदान हुए

**कोटा, (निसं)।** शाईन इंडिया फाउंडेशन के जागरूकता अभियान से हाड़ौती संभाग में तीन मृतकों के नेत्रदान संपन्न हुए। शनिवार सुबह भवानीमंडी निवासी एवं संस्था के ज्योति मित्र विवेक जैन की माताजी विमला जैन के आकस्मिक निधन की सूचना डॉ. कुलवंत गौड़ को भवानीमंडी के शहर संयोजक कमलेश दलाल एवं ज्योति मित्र राजेश नाहर से प्राप्त हुई।

सूचना मिलने ही कोटा से 120 किलोमीटर जाकर डॉ. गौड़ ने परिवार के सदस्यों के बीच विमला के नेत्र संकलित किये। इसी क्रम में आनंद विहार बजरंग नगर निवासी सतीश दयानी के पिता वीरूमल दयानी का आकस्मिक निधन हुआ। उनकी अंतिम इच्छा अनुसार माँ पुष्पा दयानी और तीनों बहनों रानी, शोभा, हेमांगी से सहमति लेकर सतीश ने पिता के नेत्रदान का कार्य संपन्न कराया।

नेत्रदान के ठीक उपरांत महावीर नगर प्रथम निवासी जे. एन. खंडेलवाल (चार्टर्ड अकाउंटेंट) की माता ललिता देवी का आकस्मिक निधन हुआ। 11 वर्ष पहले भाई राजेश के बेटे शिवेश खंडेलवाल का भी नेत्रदान शाइन इंडिया के सहयोग से हुआ था। इसीलिए भाई राजेश और संजय से सहमति लेकर माता का नेत्रदान शहर के निजी अस्पताल में संपन्न हुआ नेत्रदान कि पुनीत कार्य में कुलदीप माथुर और प्रदीप दाधीच का भी सहयोग प्राप्त हुआ।

## करौली में झमाझम बारिश के बाद कोहरा छाया

**करौली, (निसं)।** करौली जिला मुख्यालय सहित क्षेत्र में पिछले पांच दिन से बादल छाए रहने के बाद शुक्रवार शाम मावठ का दौर शुरू हुआ, जो रुक-रुक कर आधी रात तक चलता रहा। शनिवार प्रात: से ही क्षेत्र में बादल छाए रहे कुछ स्थानों पर हल्का कोहरा नजर आया। मावठ के कारण किसानों के चेहरे खिल उठे। बादल छाए रहने और ठंडी हवाएं चलने से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई है। क्षेत्र के न्यूनतम और अधिकतम तापमान में मामूली वृद्धि दर्ज की गई है।

बीते 24 घंटे में सर्वाधिक 14 एमएम बारिश सपोटरा में दर्ज हुई है। शनिवार को भी क्षेत्र में शीतलहर का दौर जारी है, जिससे सर्दी का एहसास हो रहा है। ऐसे में कई जगह लोग अलाव जलाकर सर्दी से बचने का जतन करते हुए नजर आए। वहीं लोगों ने सर्दी से बचने के लिए गर्म खाद्य पदार्थों का लुत्फ उठाया। हिंडौन सिटी ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन और कृषि विज्ञान केंद्र प्रभारी एमके नायक ने बताया कि बुधवार को न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री और अधिकतम 21.1 डिग्री, गुरुवार को न्यूनतम 8.2 और अधिकतम 21.3, शुक्रवार को न्यूनतम 13.1 और अधिकतम 23 डिग्री और शनिवार को न्यूनतम तापमान 14.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। जिले में औसत न्यूनतम तापमान 13 डिग्री और अधिकतम 19 डिग्री रहने कि संभावना है। क्षेत्र में 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल रही है। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक बीडी शर्मा ने बताया कि बीते 24 घंटे में करौली में 2 एमएम, मासलपुर में 3 एमएम, सपोटरा में 14 एमएम,मंडरायल में 1 एमएम, हिंडौन में 4 एमएम, सूरौठ में 3 एमएम, श्रीमहावीरजी में 2 एमएम, करणपुर में 6 एमएम और कुड़गांव में 10 एमएम बारिश दर्ज की गई है।

# मावठ से किसानों के चेहरे खिले, ठिठुरन बढ़ी

- मावठ से गेहूं, चना और सरसों की फसल में उत्पादन बढ़ने की उम्मीद जगी
- सर्दी से बचने के लिए अलाव तापते नजर आए लोग, न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री की गिरावट

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** गंगापुर सिटी जिला मुख्यालय सहित आस-पास के क्षेत्र में मौसम का मिजाज बदल गया। इस साल जिले में सीजन की पहली मावठ शुक्रवार को पड़ी। बारिश के बाद ठिठुरन बढ़ गई और तापमान में भी तीन डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। सीजन की पहली मावठ के चलते किसानों के चेहरे खिल गए। दूसरे दिन शनिवार को सुबह भी आसमान में बादल छाए रहे और सूरज के दर्शन नहीं होने से दिन में ही अंधेरा सा छाया रहा। साथ ही सर्द हवाओं से गलन का एहसास हुआ।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सुबह से दिनभर आसमान में बादल छाए रहे और सूरज बादलों की ओट में छिपा रहा। शाम करीब साढे छह बजे से बूंदाबांदी शुरू हो गई। रात करीब 10 बजे तक बूंदाबांदी का दौर जारी रहा। बारिश और सर्द हवाएं चलने से गलन और ठिठुरन बढ़ने लगी। बूंदाबांदी के दौरान आसमान में बिजली कड़कने लगी और बादल भी गरजते रहे। कई जगह लोगों ने सर्दी से बचने के लिए अलाव का सहारा लिया। बारिश के कारण किसानों के चेहरों पर खुशी दौड़ गई। मावठ होने से किसानों को गेहूं, चना और सरसों की फसल में उत्पादन बढ़ने की उम्मीद जगी है।

किसानों का कहना है कि मावठ न केवल फसलों के लिए अमृत है, बल्कि इससे किसानों को भी लाभ होगा। शुक्रवार को दिनभर बादल छाए रहने और रात को मावठ के बाद तापमान में 3 डिग्री की गिरावट आई है। शनिवार सुबह न्यूनतम तापमान 3 डिग्री गिरकर 9 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं अधिकतम तापमान 16 डिग्री दर्ज किया गया। इससे लोगों को गलन का अहसास हुआ। विशेषज्ञों के अनुसार अभी आसमान में बादल छाए हुए हैं। जैसे ही बादल छंटेंगे, गलन और ज्यादा बढ़ेगी। दूसरी और मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले तीन दिन तक हल्की बारिश और इसी तरह का मौसम रहने की उम्मीद है।

# स्थाई लोक अदालत : लिबर्टी जनरल इंश्योरेंस पर चार हजार का हर्जाना

**जोधपुर, (कासं)।** स्थाई लोक अदालत जोधपुर महानगर ने व्यवस्था दी है कि बीमाधारक द्वारा वाहन चोरी के सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध नहीं कराए जाने के आधार पर बीमा कंपनी दावा अदायगी के वास्ते इनकार नहीं कर सकती है। अदालत के अध्यक्ष सुकेश कुमार जैन और सदस्य जेठमल पुरोहित तथा माणकलाल चांडक ने परिवाद मंजूर करते हुए लिबर्टी जनरल इंश्योरेंस पर चार हजार रुपए हर्जाना लगाते हुए दो माह में कार की कीमत 9 लाख 68 हजार 50 रुपए मय 8 फीसदी ब्याज अदा करने के आदेश दिए हैं।

करण धनकानी ने अधिवक्ता अनिल भंडारी के माध्यम से परिवाद पेश कर कहा कि उनकी बहन दिव्या स्काडा रेपिड कार लेकर एक होटल में प्रदर्शनी में 10 अक्टूबर 2019 को गई थी और वहां के स्टाफ को वैलेट पार्किंग वास्ते चाबी सुपुर्द कर दी लेकिन रात में उन्हें बताया गया कि कार चोरी हो गई है जिसकी प्रथम सूचना रपट भी दर्ज करवा दी गई। बीमा कंपनी ने दावे की अदायगी यह कहते हुए मना कर दी कि बीमाधारी ने मांगने के बावजूद सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध नहीं कराए हैं।

अधिवक्ता भंडारी ने बहस करते हुए कहा कि होटल और पुलिस ने उन्हें फुटेज उपलब्ध नहीं कराए और बीमा कंपनी अपने स्तर पर सीसीटीवी फुटेज ले सकती थी, इसके वास्ते प्रार्थी जवाबदेह नहीं है। उन्होंने कहा कि कार चोरी में किसी को भी संदेह या संशय नहीं था और उनकी कार का पैकेज बीमा होने से बीमा कंपनी नुकसान भरपाई वास्ते जवाबदेह है। होटल की ओर से कहा गया कि कार पार्किंग व्यवस्था प्रदर्शनी आयोजक की थी। बीमा कंपनी ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराए बिना वे दावे की अदायगी नहीं कर सकते हैं।

स्थाई लोक अदालत ने परिवाद मंजूर करते हुए कहा कि बीमा कंपनी चाहती तो पुलिस से फुटेज ले सकती थी और प्रार्थी कतई सीसीटीवी फुटेज बीमा कंपनी को उपलब्ध कराने वास्ते जवाबदेह नहीं है और चोरी पर किसी को शक नहीं है। उन्होंने बीमा कंपनी पर चार हजार रुपए हर्जाना लगाते हुए दो माह में दावा राशि 9 लाख 68 हजार 50 रुपए मय 8 फीसदी ब्याज अदा करने के आदेश दिए।

# धूप खिलने से सर्दी से राहत मिली

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर शहर में शनिवार को दो दिन बाद अच्छी धूप खिली। जिससे सर्दी से कुछ राहत महसूस हुई। सुबह कोहरा भी छंटा हुआ नजर आया। धूप निकलने से सर्दी से मामूली राहत मिली। हालांकि यहां तापमान आज भी बरकरार रहा। इस बीच ठंडी हवाओं का चलना भी जारी रहा।

पश्चिमी विक्षोभ के असर से शहर में शनिवार को भी ठंडी हवाओं का दौर जारी रहा। हालांकि सूर्यदेव के दर्शन हो गए और धूप खिलने से लोगों ने सर्दी से मामूली राहत महसूस की। इस दौरान लोग धूप सेंकते नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार अब धीरे-धीरे मौसम खुलने लगेगा। देश के पश्चिमी हिस्सों से एक पश्चिमी विक्षोभ गुजर रहा है। इसके असर से शहर में पिछले तीन दिनों से बादलों की आवाजाही रही। इसके असर की वजह से अलसुबह शहर में धुंध व कोहरा भी छाया रहता है।

मौसम विभाग की मानें तो शहर में केवल बादलों की आवाजाही है, लेकिन शेष प्रदेश में कई जगह अच्छी बारिश दर्ज हुई। बादलों के साथ नमी आने से शहर में धुंध व कोहरा भी दिखाई दे रहा है। शनिवार को शहर के अधिकतम व न्यूनतम तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं आया। अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। मौसम विभाग के अनुसार बादल छंटने से पारा लुढ़कने की संभावना है, जिससे जाड़ा तेज हो जाएगा।

## चिड़ावा में 18 एम.एम. बारिश दर्ज

**चिड़ावा, (निसं)।** पश्चिमी विक्षोभ और हिमालयी पर्वतीय क्षेत्र में हो रही बर्फबारी के चलते बारिश का मौसम अभी भी बना हुआ है।

बादलवाही के बीच रुक-रुककर बारिश का दौर जारी है। देर रात्रि से लेकर अलसुबह तक बारिश होती रही। वहीं आसपास के ग्रामीण इलाकों में ओलावृष्टि भी हुई है। हालांकि बारिश से किसान निहाल हो गए हैं। इस बारिश से फसलों की जड़ों तक पानी जाने से फसलों की अच्छी ग्रोथ होगी। इधर मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार तापमान में हल्की बढ़ोतरी दर्ज की गई। न्यूनतम तापमान 12.8 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अब सर्दी बढ़ने की संभावना जताई है।

# बुलेट पर पिस्टल लहराते हुए युवक की वीडियो पोस्ट

**अजमेर (कासं)।**आजकल के युवाओं में सोशल मीडिया पर फेमस होने के लिए अजीब हरकते कर रहे है। ऐसा ही एक वीडियो सामने आया है, जिसमें बुलेट पर सवार 3 युवकों जा रहे है, जिसमें सबसे पीछे बैठे युवक के हाथ में पिस्टल दिखाई दे रही है।

वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने बताया कि सोशल मीडिया पर फेमस होने के लिए आजकल के युवा कई हरकतें कर रहे हैं, जो उन्हें कानून के शिकंजे में भी फंसा सकती हैं। शनिवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो के तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें हथियारों के साथ युवक का वीडियो वैशाली नगर स्थित सेवन वंडर्स के आसपास का बताया जा रहा है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि तीन युवक एक बुलेट पर सवार हैं और उनमें से एक के हाथ में पिस्टल है।

इस घटना के बाद स्थानीय पुलिस सक्रिय हो गई और जांच शुरू कर दी गई है। क्रिश्चियन गंज थाना प्रभारी अरविंद चारण ने बताया कि फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि वीडियो में दिखाई दे रहा हथियार असली है या नकली। जांच पूरी होने के बाद ही यह साफ हो पाएगा।

**ऐसे हरकतें न करे युवा :-** एसपी वंदिता राणा ने कहा कि पुलिस मामले की जांच में जुटी है और नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में युवाओं को सतर्क रहना चाहिए, क्योंकि सोशल मीडिया पर फेमस होने के चक्कर में की गई हरकतें के गंभीर कानूनी परिणामों भी भुगतने पड़ सकते हैं।

# शिल्पग्राम में सुर-ताल थमे, लेकिन मेलार्थियों का उत्साह यथावत

**उदयपुर, (कासं)।** पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर की ओर से हवाला शिल्पग्राम में चल रहे शिल्पग्राम उत्सव में पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के निधन के शोक में सुर-ताल तो थमे हैं, लेकिन मेलार्थियों का उत्साह यथावत है। सर्दी-कोहरा भी इसमें कमी नहीं ला सके हैं। शिल्प बाजार में 26 राज्यों के हस्तशिल्पी महिला-पुरुषों के 400 से अधिक स्टाल उत्सवार्थियों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। कई उत्पाद यहां पहली बार आए हैं, जो लोगों को खूब लुभा रही है। ऐसे उत्पादों में खासतौर से यूपी के हाथरस की रेजिन-हार्डवुड की मूर्तियों का जिक्र जरूरी है।

- 26 राज्यों के हस्तशिल्पी के 400 से अधिक स्टाल आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं




शिल्पग्राम में शिल्प बाजार और प्रदर्शनियों में शहरवासी उमड़ रहे हैं।

गोवा हट से सटी हुई स्टाल पर हाथरस के सिद्धहस्त दस्तकार भगवान स्वरूप बताते हैं कि वे जो मूर्तियां बनाते हैं, उनमें लकड़ी, पत्थर और रेजिन का उपयोग होता है। एक आठ इंच की मूर्ति बनाने में ढाई से तीन घंटे लगते हैं। वस्त्र संसार में सजी स्टाल पर निर्मल परमार बताते हैं कि उनकी रजाई सहित सभी उत्पादों में हैंडलूम के कपड़े और रुई का प्रयोग होता है। सिंथेटिक का इस्तेमाल बिल्कुल नहीं होता। जहां माइनस में तापमान हो वहां हमारी रजाइयां और फुल्ट बेडशीट भरपूर गरमाहट देती है। इनमें भी कॉटन लीलन की रजाइयां और भी अधिक गरम होती हैं। हमारे उत्पाद की खास बात यह है कि सभी को वाशिंग मशीन में धो सकते हैं। धोने से इनकी गरमाहट में कमी नहीं आती और ये कम से कम पांच साल तक चलते हैं।

निदेशक फुरकान खान ने बताया कि हालांकि शिल्पग्राम उत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां बंद हैं, फिर भी शिल्पबाजार और प्रदर्शनियों के प्रति मेलार्थियों का उत्साह यथावत है। शुक्रवार तक उत्सव में लगभग 78 हजार लोग आ चुके हैं। इनमें से शुक्रवार को 13 हजार मेलार्थी आए। मेलार्थियों के उत्साह के चलते शिल्पबाजार के शिल्पकारों का उत्साह बरकरार है।

# एनेस्थीसिया की ओवरडोज से दिव्यांग हुआ महेश एम्स में पढ़कर बनेगा डॉक्टर

- 75 प्रतिशत दिव्यांग महेश दीघा का एम्स भोपाल में एमबीबीएस के लिए चयन
- महेश के पैर शरीर का बोझ नहीं उठा सकते, जिंदगी बैसाखी और व्हीलचेयर पर है



कोटा का दिव्यांग महेश का एम्स में पढ़ ाई के लिए चयन हुआ है।

**कोटा, (निसं)।** एलन स्टूडेंट महेश कुमार दीगा, जो शारीरिक रूप से दुर्बल है लेकिन मानसिक रूप से इतना मजबूत है कि अपनी मंजिल की ओर लगातार बढ़ रहा है। महेश ऐसा विद्यार्थी है जिसने 75 प्रतिशत शारीरिक दुर्बलता के बावजूद नीट क्रेक करने की चुनौती को स्वीकार किया और जीत हासिल की। वर्ष 2024 नीट के नतीजों में सफल होने के बाद अब एम्स भोपाल से एमबीबीएस करेगा।

महेश के पैर शरीर का बोझ नहीं उठा सकते, जिंदगी बैसाखी और व्हीलचेयर पर है। परिवार कोटा के दीनदयाल नगर निवासी है। पिता रामप्रताप मीणा सरकारी नौकरी में हैं जबकि मां सुनीता गृहिणी हैं। महेश की बड़ी बहिन भी नीट की तैयारी कर रही है, छोटी बहिन अभी स्कूल में है। महेश के पिता दीनदयाल ने बताया कि जन्म से ही उसकी खाने की नली में कुछ विकार था। सर्जरी के अलावा अन्य कोई उपचार नहीं था। जब वो महज 11 महीने का था तो दिल्ली में सर्जरी के लिए कहा गया। हम वहां पहुंचे और सर्जरी हुई। इस दौरान डॉक्टरों ने उसे एनेस्थीसिया का ओवरडोज दे दिया था। उसे मात्र पांच एमएल एनेस्थीसिया दिया जाना था लेकिन डॉक्टरों ने उसे 50 एमएल एनेस्थीसिया दे दिया था। इसके बाद शरीर में नीचे का हिस्सा सुन्न हो गया। जिस समस्या के लिए सर्जरी की गई थी वो तो सही हो गई लेकिन एक नई समस्या हो गई कि पैरों ने शरीर का भार झेलना बंद कर दिया, जिंदगी बैसाखी पर आ गई। ईलाज चला, कोशिश भी खूब हुई, करीब पांच साल तक हाथ में कैनुला लगा रहा। इस दौरान बार-बार यूरीन इंफेक्शन होता रहता था। उस समय जीवन में इतनी दौड़ भाग हुई जो भुलाए नहीं भूल सकते।

महेश ने बताया कि बैसाखी के सहारे ही उसने स्कूलिंग पूरी की। उसने 12वीं कक्षा 76 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण की। जबकि पीसीबी में उसने 86 प्रतिशत अंक हासिल किए थे। इसके बाद उसने एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट में एडमिशन लिया। पूरे साल वो बैसाखी के सहारे ही कोचिंग आता और पढ़ाई करता रहा। पहले अटैम्प्ट नीट 2023 में मार्क्स नहीं आने से मेडिकल कॉलेज में एडमिशन नहीं मिला लेकिन, महेश ने हिम्मत नहीं हारी। दोगुने जोश व उत्साह के साथ फिर तैयारी प्रारंभ की और नीट 2024 की परीक्षा को क्रेक कर दिखाया। उसने पीडब्ल्यूडी कैटेगिरी में 715 रैंक हासिल की है। महेश ने बताया कि डॉक्टर बनने का सपना देखा था जोकि एलन के सहयोग से साकार होने जा रहा है। अब एमबीबीएस पूरी करने के बाद मैं उन लोगों की मदद करना चाहता हूं जो शारीरिक रूप से अक्षम हैं। एमबीबीएस के बाद स्पेशलाइजेशन के बारे में फिलहाल कुछ सोचा नहीं है।

एलन कोचिंग के निदेशक डॉ.नवीन माहेश्वरी का कहना है अभाव और विपरीत हालातों में स्वयं को साबित करने वाले ये विद्यार्थी ही दूसरे विद्यार्थियों के लिए असली प्रेरणा हैं। ये सिखाता है कि परिस्थितियां कुछ भी हो हमें आगे बढ़ने की सोचनी है। लगातार अपने लक्ष्य को लेकर मेहनत करनी है। महेश को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं।